वर्ष-11 | अंक-13 | भोपाल, 17 नवम्बर से 23 नवम्बर 2025 तक | पृष्ठ-12 | RNI NO. MPHIN/2015/63623

साप्ताहिक

# न्यूज क्राइम फाइल

मुल्य- 02 रूपयें

ग्वालियर, भिंड, मुरैना, छतरपुर, सागर, विदिशा, रायसेन, सिवनी, जबलपुर, रीवा, सतना, होशंगाबाद, हरदा एवं इंदौर में प्रसारित।

# जनजातीय गौरव दिवस हमारे लिए दीवाली और होली की तरहः मुख्यमंत्री

## भगवान बिरसा मुंडा और शहीद छीतु किराड़ की प्रतिमा के अनावरण का अवसर मिलना सौभाग्य
## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जनजातीय गौरव पुनः प्रतिष्ठा के साथ हो रहा है स्थापित
## आलीराजपुर जनजातीय संस्कृति और स्वाभिमान की है भूमि
## मुख्यमंत्री ने आलीराजपुर को दी 200 करोड़ लागत के 156 विकास कार्यों की सौगात
## मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनजातीय गौरव दिवस पर आलीराजपुर में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

**उदय प्रताप सिंह चौहान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज का दिन हमारे लिए दीवाली और होली की ही तरह है। भारत माता के अमर सपूत स्वाभिमान और स्वराज के प्रतीक, जनजातीय अस्मिता के संरक्षक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। पांचवें जनजातीय गौरव दिवस पर चारों दिशाओं में भारत अपने जनजातीय नायकों की स्मृतियों को पूज रहा है। जनजातियों के पराक्रम और परिश्रम से सजी आलीराजपुर की पावन मिट्टी में आजादी की लड़ाई के 2 अमर योद्धा शहीद छीतु किराड़ और शहीद चंद्रशेखर आजाद ने जन्म लिया है। शहीद छीतु किराड़ ने 1857 के संग्राम में जनजातीय शक्ति को संगठित कर अंग्रेजों को नाकों चने चबवा दिए। भगवान बिरसा मुंडा और अमर शहीद छीतु किराड़ की प्रतिमा के अनावरण का अवसर प्राप्त होना परम सौभाग्य की बात है। जनजातीय संस्कृति से समृद्ध आलीराजपुर क्षेत्र किसी स्वर्ग से कम नहीं है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश की विकास की अनेक सौगातें मिली हैं। जनजातीय गौरव दिवस पर जनजातीय कल्याण के लिए आलीराजपुर को 250 करोड़ रूपए की लागत से 156 विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। जनजातीय भाई-बहनों की शिक्षा, स्वास्थ्य और अधोसंरचना के 156 कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आलीराजपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और वंदे मातरम् के समवेत गायन में सहभागिता की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान बिरसा मुंडा और शहीद छीतु किराड़ की प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आलीराजपुर पहुंचने पर जनजातीय भाई-बहनों ने आत्मीय स्वागत किया।





### राजा आलिया के नाम पर आलीराजपुर होने से मिली जिले को उचित पहचान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंग्रेजों ने देशवासियों पर अत्याचार और कत्लेआम किए। भगवान बिरसा मुंडा ने जनजातीय समाज को साथ लेकर सशस्त्र विद्रोह कर अंग्रेजों को चुनौती दी। उन्होंने नशा मुक्ति और गौमाता के संरक्षण के लिए भी अभियान चलाया। टंट्या मामा, अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद और शहीद छीतु किराड़ ने मध्यप्रदेश की धरती से आजादी के अभियान को आगे बढ़ाया। आजादी के दीवानों का स्मरण कर हम सब गौरवान्वित अनुभव करते हैं। छीतु किराड़ इस धरती के पराक्रम का प्रतीक थे। उन्होंने अंग्रेजों के शोषण और जबरन लगान के खिलाफ साहसिक विरोध किया। अकाल के समय अंग्रेजों के गोदामों से अनाज निकालकर जरूरतमंद परिवारों को बांटा। देश की आजादी में जनजातीय अंचल के नायकों की महत्वपूर्ण भूमिका थी, लेकिन स्वतंत्रता के बाद जनजातीय नायकों को वह सम्मान नहीं दिया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में जनजातीय गौरव अपनी प्रतिष्ठा के साथ पुनः स्थापित हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आलीराजपुर जनजातीय संस्कृति और स्वाभिमान की भूमि है। राजा आलिया इस क्षेत्र के स्वाभिमान, नेतृत्व और जनजातीय गौरव के प्रतीक थे।

### विकास और जनकल्याण के लिए हमारी भावना और संकल्प स्पष्ट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में आज हर पात्र जरूरतमंद परिवार को पक्के मकान मिल रहे हैं। लाड़ली बहनों की राशि बढ़ाकर हर महीने रक्षाबंधन और भाईदूज मनाई जा रही है। अब बहनों को 1500 रुपए महीने मिलने लगे हैं। विकास और जनकल्याण के लिए हमारी भावना और संकल्प स्पष्ट है। माताएं-बहनें अपनी परवाह न करते हुए पूरे परिवार के भरण-पोषण का ध्यान रखती हैं। बहनें, लाड़ली बहना योजना के पैसों से परिवार की जरूरतें पूरी कर रही हैं, बच्चों की फीस भर रही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में किसानों को सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। राज्य सरकार भी किसानों को अलग से मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 6 हजार रुपए का अतिरिक्त लाभ दे रही है। यह उनके परिश्रम का सम्मान है। प्रदेश के किसानों को भावान्तर योजना के माध्यम से सोयाबीन का उचित दाम मिल रहा है। पात्र किसानों को 15 दिन के अंदर राशि भेज दी गई है। राज्य सरकार गेहूं भी 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्मदा नदी से सिंचाई सुविधा मिलने से जिले के 170 गाँव लाभान्वित होंगे और हीरा तराशने के उद्योग स्थापित होने से क्षेत्र में नए रोजागार के अवसर सृजित हो रहे है।

### पीले मोजैक से फसलों को हुए नुकसान के लिए किसानों को 45 करोड़ रूपए का मुआवजा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आलीराजपुर जिले की प्रत्येक पंचायत में मनरेगा से बनने वाले 20-20 कुओं को परीक्षण के बाद बिजली आपूर्ति से जोड़ने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जिले में पीले मोजैक से फसलों को हुए नुकसान के लिए किसानों को 45 करोड़ का मुआवजा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लगभग 200 करोड़ रूपए की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें 11 करोड़ रूपए की अधिक से लागत से निर्मित पलास पानी तालाब और मसनी बैराज, 6 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित उच्च स्तरीय पुल, 3 सांदीपनि विद्यालय, 12 जनजातीय सीनियर छात्रावास, 2 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और 2 सामूहिक स्वास्थ्य केन्द्र, बालक/बालिका छात्रावास एवं स्कूल भवन, एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 7 उप स्वास्थ्य केन्द्र और आई.पी.एच.एल लैब शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 50 करोड़ रूपए लागत के 51 विकास कार्यों का भूमि-पूजन भी किया।

### आलीराजपुर को मिली विकास की अनेक सौगातें: मंत्री नागर

अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में आलीराजपुर जिला निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। आलीराजपुर 150 से अधिक गांवों को सिंचाई के लिए अब नर्मदा मैया का पानी मिल रहा है। आलीराजपुर को विकास की अनेक सौगातें मिली हैं। कपिलधारा योजना के अंतर्गत जिले में 50 हजार से अधिक कुएं बने हैं। इनसे सिंचाई का रकबा बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कृषि प्रधान आलीराजपुर जिले में विद्युत व्यवस्था के विस्तार की आवश्यकता बताई। मंत्री श्री नागर ने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय समाज के कल्याण के लिए सदैव तत्पर है।

महाराष्ट्र के थेउर और मोरगाव में भगवान गणपति के स्वरुप मयूरेश्वर एवं चिंतामन गणपति के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया
गोपाल भार्गव -विधायक रहली, पूर्व मंत्री



### परिजन बोले- भाजपा नेता ने खेत के नाम पर 54 लाख रुपए लिए, फिर बदल गया

# प्रॉपर्टी डीलर का सुसाइड... आरोपी के घर चला बुलडोजर

न्यूज क्राइम फाइल



मंदसौर में एक प्रॉपर्टी डीलर ने ट्रेन के सामने कूदकर सुसाइड कर लिया। आरोप है कि भाजपा नेता अमजद पठान से परेशान होकर उसने आत्मघाती कदम उठाया। इसके बाद शनिवार को विभिन्न हिंदू संगठनों ने सुवासरा चौपाटी पर शव रखकर जाम लगा दिया। प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि अमजद ने सरकारी भूमि पर अवैध मकान और बंगला बनाया है। प्रदर्शनकारियों की मांग पर प्रशासन ने अमजद के मकान को बुलडोजर से ढहा दिया। दरअसल, प्रॉपर्टी डीलर मनीष व्यास ने शुक्रवार को सुसाइड कर लिया था। घटनास्थल से सुसाइड नोट मिला है। इसमें उसने अमजद पर 54 लाख रुपए हड़पने का आरोप लगाया है। कहा कि इनके जुल्मों से मैं तंग आ गया हूं। इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है।

**परिवार को पैसा दिलाने के मांग पर अड़े**

प्रशासन और प्रदर्शनकारियों के बीच बात नहीं बनी। इस बीच स्थानीय विधायक हरदीप सिंह डंग ने पेट्रोल पंप के पास नारेबाजी करते हुए पहुंचे। उन्होंने प्रशासन पर कार्रवाई में देरी का आरोप लगाया। इसके बाद प्रशासन ने जेसीबी चलाकर चोमेला मार्ग पर पठान का अवैध मकान तोड़ना शुरू किया। सुवासरा तहसीलदार रामलाल मुनिया भी मौके पर पहुंचे। प्रदर्शनकारी अब 54 लाख रुपए मनीष के परिवार को दिलाने और अमजद को भाजपा से निष्कासित करने की मांग पर अड़े हैं।

**परिजन बोले- आरोपी अमजद की अवैध संपत्ति जब्त हो**

जिला जनपद परिषद प्रतिनिधि विजय पाटीदार का कहना है कि अमजद पठान हुआ परिवार में काफी अवैध संपत्ति अर्जित की है। उसको रात-शत किया जाए जिन-जिन लोगों को प्रताड़ित किया है उन्हें न्याय दिया जाए जिस प्रकार मनीष का परिवार 54 लाख रुपए दिलाई जा इस प्रकार की मांग सुवासरा चौपाटी चक्काजाम स्थल पर की जा रही है । प्रॉपर्टी डीलर के बेटे भूलेश्वर, भतीजा दीपक (पिता कैलाश व्यास) और मृतक मनीष के पिता बंसीलाल व्यास ने बताया कि अमजद पठान और उसके परिवार से उनका दो साल से पैसों का लेन-देन चल रहा था। अमजद ने कोई खेत दिलाने की बात कहकर रुपए लिए थे। हालांकि, उन्होंने कहा कि रुपए किस प्रकार से दिए गए, इसकी पूरी जानकारी फिलहाल उन्हें नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि अमजद यहां से कई लोगों के पैसे बटोरकर चला गया है और अब मंदसौर में रहने लगा है। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांगों में तीनों आरोपियों के मकानों को ढहाना और मनीष के परिवार को 54 लाख रुपए की राशि दिलाना शामिल है। धीरे-धीरे प्रदर्शनकारियों की संख्या बढ़ती जा रही है, जिससे सुवासरा और आसपास के ग्रामीण इलाकों में तनाव का माहौल है। सड़क जाम के कारण यातायात पूरी तरह ठप हो गया है। पुलिस स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है, लेकिन लोगों का आक्रोश शांत नहीं हो रहा है। सीतामऊ एसडीओपी दिनेश प्रजापति घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से सुवासरा एंट्री पॉइंट को बंद कर दिया है।

## एमपी में बच्चों की मौत के बाद एक्शन



न्यूज क्राइम फाइल

छिंदवाड़ा में कथित तौर पर कोल्डरिप सिरप पीने से बच्चों की मौत के बाद मध्यप्रदेश में दवा निर्माण व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। इसी के बाद प्रदेश की सभी 32 सिरप निर्माण कंपनियों की व्यापक जांच शुरू हुई। अब तक 7 कंपनियों की जांच पूरी की जा चुकी है, जिनमें गंभीर खामियां मिलीं। छिंदवाड़ा में हुई बच्चों की मौत के बाद प्रदेशभर में कफ सिरप उत्पादन सेंटर की जांच शुरू की गई है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने केंद्रीय औषधि विभाग सब-जोन इंदौर के साथ मिलकर राज्य की सभी 32 कंपनियों की जांच का अभियान शुरू किया। शुरुआती चरण में 7 कंपनियों की जांच पूरी हुई, जहां कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। जांच में पाया गया कि कई कंपनियां दवा निर्माण के मानकों का पालन नहीं कर रही थीं। इसके आधार पर पांच कंपनियों को नोटिस जारी कर उत्पादन रोका गया है। इंदौर की फर्म मेसर्स एडकॉन लैब ने दवा निर्माण की अनुमति स्वयं सरेंडर कर दी, जिसके बाद उसका लाइसेंस निरस्त कर दिया गया।

# भोपाल में दो बच्चों की मां से रेप: 8 साल तक लिव-इन में रहने के बाद आरोपी ने शादी से इनकार किया

न्यूज क्राइम फाइल



भोपाल के मिसरोद थाना क्षेत्र में रहने वाली दो बच्चों की मां ने लिव-इन पार्टनर पर रेप का केस दर्ज कराया है। आरोप है कि युवक ने 8 साल तक लिव-इन रिलेशनशिप में रखा और उसके साथ रेप किया। अब आरोपी ने उससे शादी करने से इनकार कर दिया है। हर तरह का संबंध भी खत्म कर दिया है। शादी की बात पर जान से मारने की धमकी देता है। तब पीड़िता ने थाने में शिकायत की। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। सब इंस्पेक्टर श्वेता शर्मा के मुताबिक, 39 साल की महिला का पति छोड़कर चला गया था। इस दौरान पड़ोस में रहने वाले सचिन कहार के संपर्क में आई। आरोपी युवक ने शादी करने का झांसा देकर उसे 2017 से अपने साथ लिव-इन में रख लिया था। इस दौरान वह लगातार पीड़िता का शोषण कर रहा, लेकिन बाद में उसने शादी से इनकार कर दिया।

**आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस**

युवक की करतूतों से परेशान होकर थाने पहुंची पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। हालांकि पुलिस ने अभी तक आरोपी युवक को गिरफ्तार नहीं किया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

बिहार विधान सभा चुनाव में भाजपा-एनडीए गठबंधन की प्रचंड विजय की समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं जनता-जनार्दन का अभिनंदन!
योगी आदित्यनाथ- मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश



# करणी सेना का सीएम-हाउस की ओर कूच, पुलिस ने रोका

## बोले- मांगें नहीं मानी तो भोपाल को नेपाल बना देंगे; 10 दिन का मिला आश्वासन





**न्यूज क्राइम फाइल**

भोपाल में करणी सेना के आंदोलन के बीच भेजा गया 8 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सीएम हाउस से लौट आया है। मुख्यमंत्री मौजूद न होने के कारण मुलाकात नहीं हो सकी, लेकिन अधिकारियों ने करणी सेना पदाधिकारियों से बातचीत की और 25 नवंबर तक हरदा प्रकरण सहित अन्य मांगों के समाधान का भरोसा दिया। प्रतिनिधिमंडल के लौटते ही कार्यक्रम स्थल पर इसकी घोषणा कर दी गई।

### सीएम हाउस की ओर कूच, पुलिस ने रोका

इसके पहले करणी सेना खुशीलाल ग्राउंड में अपनी 15 मांगों को लेकर बड़ा क्षत्रिय क्रांति सम्मेलन कर रही थी। संगठन ने दावा किया था कि 2 बजे तक सीएम ऑफिस से कोई अधिकारी न आए, तो वे आगे की रणनीति तय करेंगे। 3 बजे तक कोई अधिकारी नहीं आया, तो कार्यकर्ता सीएम हाउस की ओर कूच करने लगे। सुरक्षा के चलते पुलिस ने रास्ते में ही भीड़ को रोक लिया। इसके बाद करणी सेना के कार्यकर्ता सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे और कहा कि वे ज्ञापन पुलिस को नहीं, बल्कि केवल सीएम ऑफिस के अधिकारी को ही सौंपेंगे।

### राणा का बयान—भोपाल को नेपाल बना देंगे

प्रदेश अध्यक्ष इंदल सिंह राणा ने मंच से चेतावनी देते हुए कहा कि यह आंदोलन की शुरुआत है। हरदा प्रकरण में कलेक्टर और एसपी को निलंबित करें। अभी विनम्र अपील है, पर जरूरत पड़ी तो भोपाल को नेपाल बनाने में देर नहीं लगेगी।

### हरदा विवाद क्या है?

■करणी सेना पदाधिकारी से 1.52 कैरेट हीरे के नाम पर 18 लाख की ठगी हुई थी।

■पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा, लेकिन संगठन ने मिलीभगत का आरोप लगाया।

■विरोध बढ़ा तो पुलिस ने लाठीचार्ज किया और चार कार्यकर्ता गिरफ्तार हुए।

■प्रदेश अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर को भी हरदा में गिरफ्तार किया गया।

■इसी के बाद मामला प्रदेशभर में गरमाया और संगठन ने आज भोपाल में बड़ा प्रदर्शन बुलाया।

## भाभी से अवैध संबंधों के चलते उतारा था मौत के घाट, आरोपी हिरासत में लिया

# छोटे भाई ने की थी होटलकर्मी की गला रेतकर हत्या

**न्यूज क्राइम फाइल**

भोपाल के कमला नगर में होटलकर्मी की हत्या उसी के छोटे भाई ने भाभी से अवैध संबंधों के चलते की थी। पुलिस की जांच में इस बात का खुलासा हुआ है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ जारी है। पुलिस के मुताबिक धर्मेंद्र सिंह चौहान (32) पीसी नगर नया बसेरा में रहता था। वो अपने माता-पिता के साथ घर में ही रहता था। बड़ा भाई घर के बगल में बने एक कमरे में रहता था। धर्मेंद्र कमला नगर के ही एक होटल में कर्मचारी था। गुरुवार को वो ड्यूटी से लौटने के बाद सो गया था।



### आखिरी बार भाई के साथ देखा गया था

इसके बाद शुक्रवार की सुबह उसका शव कमरे में खून से लथपथ मिला है। धर्मेंद्र पर चाकू से वार किए गए हैं। जांच में सामने आया कि वह अंतिम बार अपने छोटे भाई राजू उर्फ मनोज के साथ आखिरी बार देखा गया था।

### आरोपी ने स्वीकारा भाभी से थे संबंध

पुलिस ने संदेह के आधार पर राजू को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पूरे मामले का खुलासा हो गया। उसने पुलिस को बताया कि उसका अपने बड़े भाई की पत्नी से अवैध संबंध थे। इसका खुलासा होने पर उसने भाई की हत्या की है। पुलिस का कहना है कि पत्नी की भूमिका साफ होने पर उसकी गिरफ्तारी की जाएगी।


बिहार विधानसभा चुनाव में NDA की प्रचंड जीत पर भाजपा प्रदेश कार्यालय, भोपाल में विजय उत्सव
हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश अध्यक्ष-भाजपा मप्र, विधायक- बैतूल



आलेख

# बगावत की चिंगारी को बुझा कर बहुमत की ज्वाला पैदा करना कोई अमित शाह से सीखे

बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा की स्ट्राइक रेट का 90त्न से ऊपर रहना संगठनात्मक पराक्रम का भी परिणाम है। चुनाव से पहले के हालात पर गौर करें तो नीतीश कुमार के खिलाफ एंटी-इनकम्बेंसी को खत्म करना सबसे बड़ी चुनौती थी। साथ ही गठबंधन के घटक दलों के बीच सीट बँटवारे और सबको साथ लेकर चलने की चुनौती भी थी। ऐसे में अमित शाह ने यह जिम्मेदारी अपने हाथ में ली। बिहार में अमित शाह ने 4-5 महीने पहले ही मोर्चा संभाल लिया था। अमित शाह के कमान संभालने के बाद भाजपा और सहयोगियों के बीच कई दौर की वार्ता हुई। अमित शाह JD(U), LJP (RV), RLSP HAM को एक मंच पर लेकर आये। सीट-दर-सीट जातीय समीकरण का सटीक विश्लेषण किया गया और संभावित विवादों को समय रहते शांत किया गया। यह वह काम है जो सामान्यत: चुनाव घोषित होने के बाद शुरू होता है लेकिन अमित शाह ने महीनों पहले इसकी नींव तैयार कर दी थी। देखा जाये तो अमित शाह का चुनावी अभियान केवल मंच के भाषणों तक सीमित नहीं होता। उनकी शैली हमेशा जमीनी संरचना को मजबूत करने पर आधारित होती है। 5 जिला स्तरीय संगठन बैठकें, 5 क्लस्टर स्तर की बैठकें, 35 विशाल रैलियाँ, 1 महत्त्वपूर्ण रोड शो और और हर दौरे पर कोर ग्रुप के साथ बैठकें की गयीं। इस दौरान अमित शाह लगातार एक ही बात दोहराते रहे कि बूथ जीते बिना चुनाव नहीं जीता जाता। उनका यह फोकस बालू की दीवार को भी कंक्रीट का किला बना देता है। अमित शाह की निगरानी में बिहार में भाजपा का बूथ नेटवर्क तगड़ा हुआ और परिणाम सामने आया— प्रचंड जनादेश।



इसके अलावा, बिहार के दरभंगा जिले की अलिनगर विधानसभा सीट अचानक राष्ट्रीय सुर्खियों का केंद्र बन गई थी जब भाजपा ने यहाँ से लोकप्रिय मैथिली लोकगायिका मैथिली ठाकुर को उम्मीदवार बनाकर एक साहसी राजनीतिक दांव खेला था। हालांकि यह दांव जितना आकर्षक था, उतना ही जोखिमभरा भी क्योंकि ज़मीनी स्तर पर तुरंत असंतोष की लहर उठी। वर्षों से पार्टी के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ता खुद को उपेक्षित महसूस करने लगे और कई ने बगावत की चेतावनी दे दी। स्थिति ऐसी थी कि यह प्रयोग भाजपा के लिए आत्मघाती भी साबित हो सकता था। लेकिन राजनीति में संकट वहीं खत्म होता है जहाँ अमित शाह का प्रवेश होता है। चुनावी अभियानों के महारथी, संघटनात्मक इंजीनियरिंग के सिद्धहस्त और आधुनिक भारतीय राजनीति के अजेय रणनीतिकार, अमित शाह ने एक बार फिर दिखा दिया कि उन्हें यूँ ही भाजपा का 'चाणक्य' नहीं कहा जाता।

हम आपको बता दें कि अलिनगर उन सीटों में से थी जिन्हें भाजपा पारंपरिक रूप से अनुकूल नहीं मानती। मैथिली ठाकुर जैसे युवा चेहरे को उतारना प्रधानमंत्री मोदी के उस बड़े प्रयोग का हिस्सा था जिसमें वह पार्टी में युवाओं, कलाकारों और नई पीढ़ी को निर्णायक भूमिका में लाना चाहते हैं। लेकिन पुराने कार्यकर्ताओं की नाराज़गी ने स्थिति को नाजुक बना दिया। यहीं अमित शाह ने अपनी विशिष्ट शैली में कमान संभाली। उन्होंने थकान को दरकिनार करते हुए एक के बाद एक फोन कॉल किए, हर 'आक्रोशित' नेता को शांत किया, हर असंतुष्ट कार्यकर्ता को सुना और धीरे-धीरे बगावत की आग को पूरी तरह शांत कर दिया। यह वही हस्तक्षेप था जिसने मैथिली ठाकुर के लिए रास्ता साफ किया। पार्टी के दिल्ली और पटना दोनों ही धड़ों में यह स्वीकार किया गया कि अलिनगर की ऐतिहासिक जीत अमित शाह की अथक मेहनत और उनके अद्वितीय संकट प्रबंधन क्षमता का परिणाम थी। बात सिर्फ अलिनगर की भी नहीं है क्योंकि रूठों को मनाने और असंतुष्टों को समझाने का काम अमित शाह ने पूरे बिहार में किया। उन्होंने बगावत की चिंगारी को बुझा दिया और बहुमत की ज्वाला पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चुनाव प्रचार के पूरे अभियान के दौरान अमित शाह ने अलग-अलग महत्वपूर्ण बैठकों, संवादों और रणनीतिक हस्तक्षेपों के माध्यम से न सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया, बल्कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति राजनीतिक सद्भावना को भी सार्थक दिशा दी। देखा जाये तो अमित शाह की चुनावी शैली की सबसे बड़ी खूबी यह है कि वह रणनीति को तीन आयामों में रचते हैं— संगठन, समाज, और संदेश। यही भाजपा का वह मॉडल है जिसने उसे बार-बार कठिन इलाकों में जीत दिलाई है। देखा जाये तो चुनाव सिर्फ प्रचार से नहीं जीते जाते। चुनाव जीते जाते हैं संयम, संवाद, रणनीति और समय पर लिए गए सटीक निर्णयों से। यह जीत बताती है कि असंतोष चाहे कितना भी गहरा हो, संगठनात्मक नियंत्रक की भूमिका में अमित शाह अतुलनीय हैं। युवा चेहरों को आगे लाने का मोदी-शाह मॉडल सिर्फ प्रयोग नहीं, यह भविष्य की राजनीति का रोडमैप है। भाजपा अब सिर्फ परंपरागत समीकरणों पर नहीं, बल्कि नए सामाजिक-राजनीतिक प्रयोगों पर खड़ी एक गतिशील पार्टी बन चुकी है।

अमित शाह भले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं हैं, लेकिन पार्टी आज भी हर बड़ी चुनावी लड़ाई में उनके नेतृत्व-क्षमता पर ही निर्भर रहती है। वह महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली में भी कठिन परिस्थितियों को अवसरों में बदल चुके हैं। उनकी सबसे बड़ी ताकत है— राजनीति को भावना नहीं, प्रणाली के तौर पर देखना। अगला चुनावी युद्धक्षेत्र पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा कर दी है कि बंगाल के जंगलराज को समाप्त करना है। माना जा रहा है कि अमित शाह अब बंगाल पर ध्यान केंद्रित करेंगे। क्योंकि जहाँ मोदी जन-भावना जगाते हैं, वहाँ शाह जन-भावना को संरचना में बदलते हैं।

बहरहाल, यदि राजनीति एक विद्या है, तो अमित शाह उस विद्या के अधिष्ठाता हैं— रणकौशल, बुद्धि और संगठनात्मक कठोरता के अद्वितीय संयोजन के साथ। अमित शाह की राजनीति आधुनिक चाणक्य की तरह निर्णायक और परिणाम-केंद्रित है।

संपादकीय

## नैरेटिव का विकल्प खोजे बिना कैसे हो उद्धार

चाणक्य की धरती के मतदाताओं ने आधुनिक राजनीति के कौटिल्यों को भी हैरत में डाल दिया है। एनडीए की जीत की उम्मीद एक्जिट पोल कर तो रहे थे, लेकिन उन्हें भी इतनी बड़ी जीत की उम्मीद नहीं थी। एनडीए की भारी जीत और तेजस्वी की अगुआई वाले महागठबंधन की करारी हार ने कई राजनीतिक संदेश दिए। समाजवादी गठबंधन के लिए कांग्रेस का साथ पत्थर बांध कर तैरने जैसा हो गया है। जिस भी समाजवादी गठबंधन ने कांग्रेस का हाथ थामा, वह राजनीति के समंदर में डूब गया। इसके पहले उदाहरण बिहार के पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के अखिलेश यादव हैं। 2017 के विधानसभा चुनावों में यूपी के लड़के के नारे के साथ राहुल गांधी का साथ लेकर अखिलेश चुनावी वैतरणी पार करने उतरे थे, लेकिन भाजपा की लहर में वे डूब गए। 2022 में भी कांग्रेस उनके लिए पतवार नहीं बन सकी। इस बार तेजस्वी के लिए कांग्रेस सहारा नहीं बन पाई। चुनाव नतीजों कुछ वैसे ही हैं, जैसे हम तो डूबे ही सनम, तुझे भी ले डूबेंगे। विपक्षी गठबंधन को अब सोचना होगा कि कांग्रेस का हाथ वह कब और कितना पकड़े कि उसकी सियासी नैया पार लग सके, डूबे नहीं। बिहार के चुनाव नतीजों ने यह भी संदेश दिया है कि राजनीतिक भंवर में अति आत्मविश्वास सामने से आ रही लहरों के मुकाबले का साहस दें, चाहे न दें, उनकी तासीर और ताकत का अंदाजा नहीं लगने देती। तेजस्वी के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है। अति आत्मविश्वास उन्हें ले डूबा। तेजस्वी का अपने शपथ ग्रहण की तारीख तय करना और उसे अति उत्साही अंदाज में लोगों के बीच रखना, एक वर्ग को भले ही अच्छा लगा हो, आम वोटरों को पसंद नहीं आया। रही-सही कसर उनके अति उत्साही नेताओं और कार्यकर्ताओं के मनोबल ने पूरा कर दिया। बिहार की स्थानीय शब्दावली में यह मनोबल नहीं, मनबढ़ होना था। इसने सत्ताधारी एनडीए के जंगलराज के नैरेटिव को उस पीढ़ी तक पहुंचाने में मदद पहुंचाई, जो जंगलराज के बाद नीतीश के सुशासन राज में पैदा हुई है। जिस तरह स्थानीय चैनलों, यू ट्यूबरों और चुनावी माहौल में कुकुरमुत्तों की तरह कथित मीडिया चैनलों के कैमरों के सामने अठारह-बीस साल वाली लड़कियों तक ने तेजस्वी राज में एक खास वर्ग और जाति से डर की आशंका जताई, उससे साफ हो गया था कि बिहार का चुनावी नजारा क्या रहने जा रहा है। बुजुर्ग महिलाएं और पुरूष जिस तरह जंगल राज की भयावह तसवीरें लोगों के सामने रख रहे थे, उसने भी भावी नतीजों की जानकारी दे दी थी। मीडिया के एक वर्ग ने एनडीए के नैरेटिक के बरक्स तेजस्वी की अगुआई वाले महागठबंधन का बचाव करने की कोशिशकी। तेजस्वी को उससे अलग दिखाने की कोशिशें भी कम नहीं हुईं। ऐसा करते वक्त तेजस्वी के रणनीतिकार, कांग्रेस से सहानुभूति रखने वाला बौद्धिक वर्ग भूल गया कि एक बड़ा वर्ग अब भी सक्रिय है, जिसने जंगलराज को देखा है। जैसे-जैसे तेजस्वी के नए विजन को पेश करने की कोशिश की गई, वैसे-वैसे प्रतिक्रिया स्वरूप लोगों में पुराने दिनो के घाव ताजा होते गए। नतीजा सामने है। पिछली बार के चुनावों में महागठबंधन को सबसे ज्यादा ताकत अंग प्रदेश और भोजपुर से मिली थी। शाहाबाद क्षेत्र में कांग्रेस और माले के साथ महागठबंधन ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था। इलाके 22 सीटों में से पिछली बार एनडीए को सिर्फ दो सीटें मिली थीं। लेकिन इस बार उसका प्रदर्शन करीब सात गुना बेहतर हुआ है। इस बार एनडीए कुल मिलाकर 14 सीटें जीत रहा है या जीतने के कगार पर है।

पचमढ़ी में आयोजित संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर के नौवें दिन सभी साथियों के साथ संवाद के दौरान संगठन की मजबूती, कार्यक्रम विस्तार और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की!
जीतू पटवारी अध्यक्ष, मप्र कांग्रेस



## भोपाल में घर से छप रहे थे नकली नोट

# आरोपी बोला- प्रिंटिंग प्रेस में काम का अनुभव है; 2.25 लाख के जाली नोट मिले



न्यूज क्राइम फाइल

भोपाल पुलिस ने घर में नकली नोट छापने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 2.25 लाख रुपए कीमत के जाली नोट और नोट बनाने के सामान मिले हैं। युवक प्रिंटिंग प्रेस में काम कर चुका है और उसी अनुभव का इस्तेमाल कर घर में नोट छाप रहा था। पुलिस यह जांच कर रही है कि वह कब से नकली नोट तैयार कर रहा था और किन लोगों तक पहुंचा चुका है। एडिशनल डीसीपी गौतम सोलंकी के मुताबिक, शुक्रवार शाम करीब 4 बजे सूचना मिली कि शांति नगर झुग्गी बस्ती के पास एक युवक नकली नोट चलाने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से 500 रुपए के 23 नकली नोट बरामद हुए। आरोपी ने अपना नाम विवेक यादव (निवासी मुरली नगर, करोंद) बताया।

**घर में छाप रहा था नकली नोट**

पुलिस पूछताछ में विवेक ने बताया कि वह अपने ही घर में कम्प्यूटर और प्रिंटर की मदद से नकली नोट छाप रहा था। वह प्रिंटिंग प्रेस में काम कर चुका है, इसलिए उसे डिजाइनिंग और प्रिंटिंग का अनुभव है। इसका इस्तेमाल जाली नोट छापने में कर रहा था।

**2 लाख 25 हजार 500 रुपए बरामद**

आरोपी की निशानदेही पर पुलिस उसे उसके घर लेकर पहुंची। घर की तलाशी में पुलिस को 500 रुपए के 428 नकली नोट मिले। इस तरह कुल 2 लाख 25 हजार 500 रुपए के नकली नोट बरामद किए गए। साथ ही कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर और नोट बनाने में इस्तेमाल अन्य उपकरण भी जब्त किए गए। पुलिस आरोपी से यह जानकारी जुटा रही है कि क्या आरोपी ने नकली नोट बाजार में चलाए भी हैं।

**असली जैसा नोट छापने ऑनलाइन स्टडी की**

आरोपी विवेक ने पुलिस को बताया कि वो 10वीं पास है, लेकिन प्रिंटिंग की जानकारी के चलते उसने नकली नोट प्रिंट करने की प्लानिंग की, उसने नकली नोट छापने के लिए कई राइटर्स की किताबें पढ़ीं। अलग-अलग जगह से ऑनलाइन अध्ययन किया फिर ऑनलाइन ऑर्डर कर मटेरियल जुटाया और नकली नोट छापने लगा।

**खंडवा- 2 नवंबर: 20 लाख के नकली नोट के साथ इमाम गिरफ्तार**

खंडवा जिले के पैठियां गांव के मदरसे में इमाम जुबेर अंसारी के कमरे से करीब 20 लाख रुपए के नकली नोट बरामद हुए। बैग में 500-500 रुपए के नोट के बंडल थे। पुलिस ने नोटों की गिनती की तो 19 लाख 78 हजार रुपए के नकली नोट निकले। मामले का खुलासा तब हुआ जब मालेगांव पुलिस ने जुबेर और उसके साथी नजीम अकम अयूब अंसारी को 10 लाख के नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद जावर थाना क्षेत्र के रहने वाले एक शख्स ने मीडिया रिपोर्ट्स में देखा कि दो में से एक आरोपी तो पैठियां गांव की मस्जिद का इमाम जुबेर है।

**गुना- 15 नवंबर: नकली नोट बनाने वाले गिरोह का आरोपी गिरफ्तार**

गुना कोतवाली पुलिस ने जाली नोट बनाने वाले गिरोह से जुड़े आरोपी एक और आरोपी को गिरफ्तारी कर लिया। अवैध हथियार तस्कर सरगना आरोपी लल्लू जाट जाली नोट कारोबार में भी सक्रिय था। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। 21 मई को कोतवाली पुलिस ने हरिपुर रोड अंडरपास से जाली नोट बनाने वाला प्रिंटर, उपयोगी सामग्री और कुछ जाली नोट जब्त किए थे। मौके से अविनाश कलावत निवासी पटेल नगर और नीतेश रघुवंशी निवासी महावीरपुरा को गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों ने पूछताछ पर उनके गिरोह में हनी कुशवाह, लल्लू जाट और एक नाबालिग के भी नाम उजागर किए थे।

**मंदसौर- 28 अक्टूबर- 38 हजार के नोट के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार**

मंदसौर के वायडी नगर थाना क्षेत्र की मुल्तानपुरा चौकी पुलिस ने 38,000 रुपए कीमत के 76 नकली नोट जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। चौकी प्रभारी कपिल सोराष्ट्रीय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एमआईटी चौराहा, दाऊतखेड़ी रोड स्थित काका टी स्टॉल पर दबिश दी। पुलिस ने निसार हुसैन (36, निवासी बोतलगंज, मंदसौर), रियाज नियारगर (38, निवासी पिपलियामंडी, मंदसौर) और दीपक कुमार (42, निवासी भीलवाड़ा, राजस्थान) को हिरासत में लिया।

**पत्रकार बनने का सुनहरा अवसर**

अगर आपके अंदर लिखने का कौशल है और पत्रकारिता में रुचि है, तो 'न्यूज क्राइम फाइल' को आपकी तलाश है। 'न्यूज क्राइम फाइल' से जुड़ कर आप हर माह दस हजार रुपये तक कमा सकते हैं। 'न्यूज क्राइम फाइल' भोपाल, ग्वालियर, सतना, सागर, जबलपुर, इंदौर, उज्जैन, मंदसौर और नीमच में ब्यूरो ऑफिस खोलने जा रहा है। इच्छुक उम्मीदवार तत्काल हमें अपना बॉयोडाटा मेल करें या व्हाट्सअप करें।

उदय प्रताप सिंह चौहान (संपादक) 07223003441
website: www.newscrimefile.com
email: newscrimefile@yahoo.com

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती एवं जनजातीय गौरव वर्ष के उपलक्ष्य में आज भोपाल में आयोजित ऑल इंडिया एनजीओ मीट को संबोधित किया।
मोहन यादव, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री



## इंदौर में सीएम ने भाजपा कार्यकर्ताओं को खिलाए लड्डू

# बिहार चुनाव में एनडीए की जीत, एमपी में जश्न



न्यूज क्राइम फाइल

बिहार चुनाव की तस्वीर साफ हो गई है। 243 में से 202 सीटों के साथ एनडीए रिकॉर्ड जीत की ओर है। जबकि महागठबंधन के खाते में 37 सीटें आ रही हैं। इस बीच पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा है कि ये सुशासन की जीत है। एनडीए की स्पष्ट बहुमत वाली सरकार बनती दिखाई दे रही है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश भाजपा में जश्न का माहौल बन गया है। प्रदेश भाजपा कार्यालय में बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता पहुंचकर जीत का जश्न मना रहे हैं। इंदौर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यकर्ताओं को लड्डू खिलाकर खुशी जाहिर की। प्रदेशभर में आतिशबाजी हुई और मिठाइयां बांटी जा रही हैं।

**सीएम के प्रचार वाली 21 सीटों पर एनडीए को बढ़त**

बिहार चुनाव प्रचार में सीएम मोहन यादव ने एमपी से जाकर 25 विधानसभा सीटों पर प्रचार किया था। रुझानों के अनुसार इन सीटों पर उनका 84% स्ट्राइक रेट रहा। 25 में से 21 सीटों पर एनडीए उम्मीदवार आगे हैं। हालांकि, अंतिम और आधिकारिक परिणाम थोड़ी देर में जारी होंगे। मुख्यमंत्री ने स्टेट हैंगर पर मंत्री कृष्णा गौर और विधायक रामेश्वर शर्मा को मिठाई खिलाकर बिहार की जीत की बधाई दी

**मंत्री राकेश सिंह बोले-जनता सुशासन चाहती है..**

बिहार में ऐतिहासिक जीत के बाद मध्यप्रदेश में भी जश्न का माहौल है। संस्कारधानी जबलपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि बिहार में जो जीत हुई है, वह यह बता रही है कि जनता एनडीए और भारतीय जनता पार्टी के साथ है।अब देश की जनता सुशासन और विकास चाहती है।

## विदिशा में चोरी करते युवक रंगे हाथों पकड़ा गया



न्यूज क्राइम फाइल

विदिशा के मनोरा में गुरुवार रात एक युवक को चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। लगभग 55 वर्षीय कुंवर बाई तोमर के घर में घुसकर चोरी का प्रयास कर रहे इस युवक को घर मालिक और पड़ोसियों ने मिलकर पकड़ा और पुलिस को सूचना दी। जानकारी के अनुसार, कुंवर बाई तोमर ने घर के भीतर आवाज सुनकर चोर को चोरी करते हुए देखा। उनके शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और युवक को पकड़ लिया। आरोपी की पहचान राम प्रसाद के रूप में हुई है, जो शराब के नशे में धुत था। पकड़े जाने पर राम प्रसाद ने हंगामा करना शुरू कर दिया। वह जमीन पर लोट लगाने लगा। पुलिस के पहुंचने पर भी वह घर से बाहर नहीं निकल रहा था, जिसके बाद उसे खींचकर बाहर निकाला गया।

बताया गया है कि कुंवर बाई तोमर के घर में एक किराना दुकान भी है। आरोपी राम प्रसाद पहले भी इसी दुकान में चोरी करते हुए पकड़ा जा चुका है और उस मामले में पुलिस कार्रवाई भी हुई थी। गुरुवार रात वह दोबारा चोरी की नीयत से घर में घुसा था। अत्यधिक नशे में होने के कारण पुलिस युवक को तत्काल थाने ले जाने के बजाय उसके घर छोड़कर आई थी। ग्यारसपुर थाना प्रभारी सीमा राय ने बताया कि आरोपी को उसके परिवार के सुपुर्द किया गया था। दोपहर में परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे, जिसके बाद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

कार्यक्रम



भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली ऐतिहासिक विजय का उत्सव मिठाई खिलाकर धूमधाम से मनाया गया।



कल शाम दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी के मन को व्यथित किया है। मैं पीड़ित परिवारों का दुख समझता हूं। पूरा देश उनके साथ खड़ा है।
प्रधानमंत्री- नरेंद्र मोदी

## चांदी एक दिन में रू. 3,363 सस्ती हुई

# सोना रू.1,760 गिरकर रू.1.25 लाख पर आया; इस साल सोना रू.48,000 और चांदी रू.73 हजार महंगी हुई

न्यूज क्राइम फाइल

सोने-चांदी के दाम में आज यानी 14 नवंबर को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम सोना आज 1,760 रुपए गिरकर 1,24,794 रुपए पर पहुंच गया है। कल इसका भाव 1,26,554 रुपए प्रति 10 ग्राम था। वहीं, चांदी 3,363 रुपए गिरकर 1,59,367 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। कल यह 1,62,730 रुपए प्रति किलो थी। 17 अक्टूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए और 14 अक्टूबर को चांदी ने 1,78,100 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**इस साल सोना 48,632 और चांदी 73,350 महंगी हुई**

इस साल अब तक सोने की कीमत 48,632 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,24,794 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 73,350 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,59,367 रुपए प्रति किलो हो गई है।

**ट्रांसपोर्टेशन के खर्चे:** सोना एक फिजिकल चीज है, तो इसे ले जाने में खर्चा लगता है। ज्यादातर आयात हवाई जहाज से होता है। फिर सोने को अंदरूनी इलाकों तक पहुंचाना पड़ता है। ट्रांसपोर्टेशन के खर्चे में फ्यूल, सिक्योरिटी, गाड़ी, स्टाफ का पैसा वगैरह शामिल होता है।

**सोने की खरीदारी की मात्रा:** सोने की डिमांड शहर और राज्य के हिसाब से अलग-अलग होती है। साउथ इंडिया में भारत की कुल



सोने की खपत का करीब 40% हिस्सा है। यहां सेलर्स बल्क में सोना खरीदते हैं जिससे दाम कम होते हैं। वहीं टियर-2 शहरों में दाम ज्यादा।

**लोकल ज्वेलरी एसोसिएशन:** जैसे तमिलनाडु में सोने का रेट ज्वेलर्स एंड डायमंड ट्रेडर्स एसोसिएशनतय करता है। इसी तरह देशभर में कई और एसोसिएशन हैं जो दाम तय करते हैं।

**सोने का खरीद मूल्य:** ये सबसे बड़ा फैक्टर है जो अलग-अलग शहरों में सोने के रेट्स को प्रभावित करता है। जो ज्वेलर्स ने स्टॉक सस्ते में खरीदा हो, वो कम रेट चार्ज कर सकते हैं।

**सोना खरीदते समय इन 2 बातों का रखें ध्यान**

**सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें:** हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है- 4524। हॉलमार्किंग से पता चलता है कि सोना कितने कैरेट का है।

**कीमत क्रॉस चेक करें:** सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

## 450 अंक गिरने के बाद बाजार संभलकर बंद

न्यूज क्राइम फाइल

अगर आप शेयर या म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं, तो आज के बाजार की चाल आपको निराश कर सकती है। बिहार में छ्ध की जीत के बाद मार्केट में तेजी का अनुमान लगाया जा रहा था लेकिन यह तेज गिरावट के बाद फ्लैट बंद हुआ। शुक्रवार 14 नवंबर को सेंसेक्स 84 अंक चढ़कर 84,562 पर, जबकि निफ्टी 31 अंक ऊपर 25,910 पर क्लोज हुआ। दिन के कारोबार में सेंसेक्स करीब 450 अंक गिरकर 84,029 पर आ गया था।

**विदेशी 1 घरेलू निवेशक**


13 नवंबर को विदेशी निवेशक ने 384 करोड़ के शेयर बेचे, जबकि घरेलू निवेशक - हमारे देश के बड़े फंड) ने 3,092 करोड़ के शेयर खरीदे। इस महीने अब तक- FIIs ने रू 8,684 करोड़ बेचे, DIIs ने रू 32,891 करोड़ खरीदे। इसका मतलब यह है कि बाजार को घरेलू ताकत संभाल रही है। अगर आपने म्यूचुअल फंड या शेयरों में पैसे लगाए हैं, तो आपकी वैल्यू पेपर वैल्यू कम हो जाती है। उदाहरण के लिए, 1 लाख का फंड 5% गिरावट पर 95,000 रह जाएगा। 13 नवंबर को बाजार फ्लैट बंद हुआ। सेंसेक्स 12 अंक चढ़कर 84,478 पर वहीं निफ्टी 3 अंक की तेजी के साथ 25,879 पर क्लोज हुआ। सेंसेक्स के 30 में 20 शेयरों में गिरावट रही।

## आईपीएल में 5 टीमों के लिए खेले, इंटरनेशनल क्रिकेट में 770 विकेट लिए

# न्यूजीलैंड के टिम साउदी केकेआर के बॉलिंग कोच बने

न्यूज क्राइम फाइल

कोलकाता नाइट राइडर्स ने न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी टिम साउदी को अपना बॉलिंग कोच बनाया है। फ्रेंचाइजी ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया। आईपीएल 2026 के लिए 16 दिसंबर को मिनी ऑक्शन होना है, इससे पहले 15 नवंबर तक सभी फ्रेंचाइजी को अपने रिटेन और रिलीज किए जाने वाले प्लेयर्स के नामों का ऐलान करना है। केकेआर ने उससे पहले अपने कोचिंग सेटअप में न्यूजीलैंड टीम के पूर्व खिलाड़ी टिम साउदी को शामिल करने का फैसला लिया है। साउदी 54 आईपीएल मैच खेले टिम साउदी ने अपने आईपीएल करियर में 54 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 37.06 की औसत से 47 विकेट लिए हैं। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई इंडियंस, राजस्थान रॉयल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और ञ्चयक्र जैसी



फ्रेंचाइजी के लिए खेला है। इंटरनेशनल क्रिकेट में 770 विकेट लिए टिम साउदी न्यूजीलैंड के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं। साउदी ने न्यूजीलैंड की तरफ से इंटरनेशनल क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में सबसे ज्यादा 776 विकेट लिए हैं। साउदी ने न्यूजीलैंड के लिए अभी तक 104 टेस्ट, 161 वनडे और 126 टी-20 मैच खेले हैं। टेस्ट में 391, वनडे में 221 और टी-20 में 164 विकेट लिए हैं। साउदी ने 4 वनडे वर्ल्ड कप, 7 टी-20 वर्ल्ड कप, दो चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट और 2019-21 साइकिल के वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया है। शेन वॉटसन को सहायक कोच बनाया एक दिन पहले गुरुवार कोकेकेआर ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वॉटसन को 2026 सीजन के लिए अपना सहायक कोच बनाया। वॉटसन ने 59 टेस्ट, 190 वनडे और 58 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया, जिनमें उन्होंने 10,000 से ज्यादा रन बनाए और सभी फॉर्मेट में 280 से अधिक विकेट लिए। वॉटसन ने कहा, मैं कोलकाता को एक और खिताब दिलाने के लिए कोचिंग स्टाफ और खिलाड़ियों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।

बिहारवासियों का एक-एक वोट भारत की सुरक्षा और संसाधनों से खेलने वाले घुसपैठियों और उनके हितैषियों के खिलाफ मोदी सरकार की नीति में विश्वास का प्रतीक है। वोटबैंक के लिए घुसपैठियों को बचाने वालों को जनता ने करारा जवाब दिया है।
केंद्रीय गृहमंत्री-अमित शाह



## 150 की स्पीड में लगी झपकी...

# कार खाई में गिरी, 5 मौतें

### शादी से लौट रहा था परिवार; वीडियो में उड़ती दिखी बेकाबू कार





**न्यूज क्राइम फाइल**

रतलाम में एक कार बेकाबू होकर खाई में गिर गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हुई है। इनमें 15 साल का बच्चा और 60 साल के बुजुर्ग शामिल हैं। हादसा सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। एक्सीडेंट रतलाम जिले के रावटी थाना अंतर्गत भीमपुरा गांव के पास माही नदी ब्रिज के पहले हुआ। सुबह करीब साढ़े 7 बजे रजिस्ट्रेशन नंबर की महिंद्रा ङ्क्ङ्क 700 दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर रेलिंग तोड़कर नीचे जा गिरी। पुलिस के मुताबिक, हादसा ड्राइवर को झपकी आने के कारण हुआ। कार सवार चार लोग मुंबई जबकि एक गुजरात के वडोदरा का रहने वाला है। वे दिल्ली से मुंबई जा रहे थे। सभी शवों को रतलाम मेडिकल कॉलेज में रखा गया है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के डायरेक्टर संदीप पाटीदार ने कहा- जिस जगह दुर्घटना हुई, उससे 10 फीट दूर स्पीड गन लगी है। इससे पता लगा है कि गाड़ी की स्पीड करीब 150 किलो मीटर प्रति घंटा थी।

**परिजनों ने की मृतकों की पहचान**

गुजरात के वडोदरा से मृतकों के परिजन शाम 4.30 बजे रतलाम मेडिकल कॉलेज पहुंचे। इंदौर से भी कुछ लोग पहुंचे। सभी मृतकों की शिनाख्त की। हादसे में रसूल अहमद (71) पिता मोहम्मद इशाक चौधरी निवासी कुर्ला मुंबई, इनका बेटा अब्दुल खालिक (40) पिता गुलाम रसूल, दुर्रेज (39) पिता अजमल कुर्ला मुंबई एवं दानिश (34) पिता मोहम्मद उस्मान निवासी वडोदरा व इनका बेटा मोइद्दीन (9) की मौत हुई है। दुर्रेज गाड़ी चला रहा था।

**यूपी के गोंडा शादी में गए थे**

सभी मृतक एक ही परिवार के हैं। मूल रूप से यूपी के गोंडा के रहने वाले हैं। मृतक रसूल अहमद की बहन की बेटी और बेटे की शादी 8 अक्टूबर को थी। उसी में परिवार गया था। गोंडा से गुरुवार दोपहर परिवार के सदस्य अलग-अलग गाड़ियों में निकले थे। एक गाड़ी के परिवार के सदस्य कानपुर रुक गए थे। बाकी यह लोग वहां से दिल्ली होकर रवाना हो गए थे।

**दूसरी गाड़ी में बैठा बच्चा**

मृतक बच्चा मोइद्दीन दूसरी गाड़ी में अपने बड़े पापा के साथ था। कानपुर से पिता के साथ गाड़ी में बैठ गया। रसूल आयुर्वेदिक डॉक्टर थे, जो कि रिटायर्ड हो चुके। अब्दुल और दुर्रेज का आईटी का कामकाज है। दानिश गुजरात में एक कंपनी में एचआर है।

**लंदन से की पढ़ाई**

दानिश ने एक से डेढ़ साल पहले लंदन से एचआर में पोस्ट ग्रेजुएशन किया था। इसके बाद वडोदरा में प्राइवेट कंपनी में जॉब कर रहा था। हादसे में पिता और बेटे दोनों की मौत हुई है।

# सागर में वनपाल और वनरक्षक को 3-3 साल की सजा

### जंगली सुअरों ने खराब की फसल का मुआवजा दिलाने मांगी थी 5 हजार की रिश्वत

**न्यूज क्राइम फाइल**

मुआवजा राशि दिलाने प्रतिवेदन के नाम पर रिश्वत लेने वाले वन विभाग के वनपाल और वनरक्षक को अदालत ने सजा सुनाई है। प्रकरण की सुनवाई विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम शहाबुद्दीन हाशमी की कोर्ट में हुई। न्यायालय ने सुनवाई करते हुए वनपाल आरोपी शेख हनीफ दक्षिण वन मंडल चौकी खैराना किशनगढ़ और वनरक्षक जसवंत सिंह धुर्वे दक्षिण वन मंडल चौकी सहजपुरी वेदवारा तहसील रहली को दोषी पाया और 3-3 साल के सश्रम कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है।

**लोकायुक्त में की थी शिकायत**

अभियोजन के अनुसार, आवेदक संजय कुमार कोतू ने लोकायुक्त कार्यालय सागर में



शिकायत की थी। जिसमें बताया गया कि इनकी मां के नाम की जमीन में लगाई गई तिली और मूंगफली की फसल जंगली सुअरों द्वारा नष्ट कर दी थी। उक्त नुकसान में मुआवजा के लिए तहसीलदार रहली को आवेदन किया था। तहसीलदार रहली ने वन विभाग रेंज गौरझामर से उक्त हुए नुकसान पर प्रतिवेदन चाहा गया था। लेकिन आरोपी वनपाल शेख हनीफ और वनरक्षक जसवंत सिंह धुर्वे ने प्रतिवेदन तैयार करने के एवज में 5000 रुपए की रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत मिलते ही लोकायुक्त ने जांच शुरू की। जांच में शिकायत सही पाई गई। कार्रवाई करते हुए 28 सितंबर 2021 को लोकायुक्त की टीम ने आरोपियों को 5 हजार की रिश्वत लेते हुए पकड़ा।

**कोर्ट ने सुनाई 3 साल की सजा**

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया। जांच पूरी होने पर कोर्ट में चालान पेश किया। कोर्ट ने मामले में सुनवाई शुरू की। सुनवाई के दौरान अभियोजन ने मामले से जुड़े साक्ष्य और दस्तावेज कोर्ट में पेश किए। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुना और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी वनपाल और वनरक्षक को 3-3 साल के कारावास की सजा सुनाई है।

बिहार विधानसभा चुनावों में एनडीए की भव्य और अभूतपूर्व विजय ने बिहार प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के चुनावी इतिहास में एक सुनहरा अध्याय लिख दिया है। यह विकास की राजनीति की एक ऐतिहासिक जीत है।
रक्षा मंत्री-राजनाथ सिंह



# जमानत के लिए लाखों रुपए कैश डील का आरोप

## देवास में 11 आरोपियों से थाने में बुलवाए पैसे; एसपी ने दो एसआई को सस्पेंड कर जांच शुरू की

न्यूज क्राइम फाइल

देवास जिले में साइबर ठगी के 11 आरोपियों से थाने के अंदर लाखों रुपए कैश लेकर उन्हें थाने से ही जमानत देने के मामले में एसपी ने दो एसआई (सब इंस्पेक्टर) को सस्पेंड कर दिया। एसपी पुनीत गेहलोद ने कमलापुर थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर और चापड़ा पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी राकेश नरवरिया के खिलाफ गुरुवार को ये कार्रवाई की। दोनों पर आरोप है कि इन्होंने आरोपियों से बड़ी रकम लेकर कार्रवाई से बचाने का प्रयास किया। इसके अलावा भी एक पुलिस अफसर शक के घेरे में हैं।

**जांच के डर से छुट् ?टी पर गया एसआई**

कमलापुर थाना प्रभारी और चापड़ा के चौकी प्रभारी को एसपी ने तीन दिन पहले लाइनअटैच किया था। थाना प्रभारी उपेन्द्र नाहर को कन्नौज थाने में भेजा गया था। लेकिन यहां विभागीय जांच के डर से वह थाने पर पहुंचा ही नहीं। इसके बाद सिक लीव लेकर चला गया।




एसपी को जब जानकारी लगी तो उन्होंने दोनों को सस्पेंड करने के आदेश दिए। एसपी ने आगे की जांच का जिम्मा एएसपी कन्नौद सौम्या जैन को सौंपा है।

**सीनियर अफसरों को भी करते रहे गुमराह**

इस मामले में विदिशा, इंदौर सहित अन्य जगहों से करीब 11 लड़कों को कमलापुर चौकी पर उपेंद्र नाहर लेकर आए थे। दूसरे दिन सभी लड़कों से थाने में कैश बुलवाया गया। पकड़े लड़कों के साथ कुछ वकील भी पहुंचे थे। लेनदेन के बाद जमानत दे दी। इस मामले में वरिष्ठ अफसरों को एसआई उपेंद्र गुमराह करते रहे। उन्हें साइबर ठगी को लेकर सही जानकारी भी नहीं दी। इस मामले में पीड़ित पक्ष को भी रुपए जब्त नहीं होने की बात करते हुए मामले में कोर्ट से कार्रवाई होने की बात का हवाला देकर रवाना किया गया

**सोशल मीडिया पर सिवनी जैसे कांड का मैसेज**

देवास में सोशल मीडिया पर सिवनी जैसे कांड को लेकर मैसेज वायरल हुआ, जिसमें लाखों रुपए एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और दोनों एसआई द्वारा लिए जाने की बात कही गई। मामले को एसपी ने गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की।

## ट्रैक पर उतरी सीएमआरएस...मेट्रो में बैठक लगाए इमरजेंसी ब्रेक

# 3 दिन के दौरे पर भोपाल आई; ओके रिपोर्ट पर नवंबर में ही कॉमर्शियल रन की उम्मीद

न्यूज क्राइम फाइल

कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी की टीम अब मेट्रो के ट्रैक पर भी उतर आई है। शुक्रवार को सुबह 10 बजे से टीम का निरीक्षण शुरू हो गया है, जो शाम तक चलता रहा। शाम 4.30 बजे टीम मेट्रो में सवार हुई। इस दौरान एमपी नगर और रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बीच चलती मेट्रो में इमरजेंसी ब्रेक लगाकर सिस्टम जांचा गया। टीम ने सुभाषनगर, केंद्रीय स्कूल, डीबी मॉल और डीआरएम तिराहा स्टेशन पर भी ब्रेकिंग सिस्टम जाना। इस दौरान मेट्रो में कमिश्नर नीलाभ्र सेनगुप्ता भी मौजूद रहे। बता दें कि सीएमआरएस की टीम नई दिल्ली से भोपाल में 3 दिन के दौरे पर आई है। गुरुवार को डिपो, एम्स स्टेशन तक ट्रैक, सिंगलिंग और सुरक्षा पैमानों पर जांच की। वहीं, आरकेएमपी स्टेशन पर पानी गिराकर ट्रैक लेवल भी चेक किया गया। ताकि ढाल और जल निकासी की स्थिति का आंकलन किया जा सके। सुभाषनगर डिपो में पूरे प्रोजेक्ट की रिपोर्ट भी देखी थी। पहले दिन करीब 8 घंटे तक दौरा चलता रहा।

**दूसरे दिन सुबह 10 बजे से निरीक्षण शुरू**

दूसरे दिन, शुक्रवार को सुबह 10 बजे से निरीक्षण शुरू हो गया। शाम 4 बजे तक निरीक्षण का शेड्यूल तय था, लेकिन इसके बाद तक निरीक्षण चलता रहा। इस दौरान टीम मेट्रो ट्रेन में



सवार होकर ट्रैक पर भी पहुंची। ताकि, ट्रेन के अंदर से ही कई तकनीकी पहलुओं पर नजर डाली जा सके। कई पैमानों पर पड़ताल की गई। टीम ने हर बिंदू को नोट किया।

**क्या है सीएमआरएस की भूमिका**

सीएमआरएस किसी भी मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए सुरक्षा की अंतिम स्वीकृति देते हैं। उनकी रिपोर्ट के बाद ही मेट्रो पर यात्रियों का संचालन शुरू किया जा सकता है।

**इन बिंदुओं पर जांच जारी**

ट्रैक, सिग्नलिंग, ब्रेक सिस्टम, स्टेशन सुरक्षा, आपात निकासी व्यवस्था आदि। रिपोर्ट में यदि कोई खामी मिलती है तो उसे सुधारना जरूरी होता है, वरना संचालन की अनुमति नहीं मिलती। हालांकि, पिछले दो दौरे में खामियों पर नजर डाली जा चुकी है। जिसे सुधारने का काम शुरू किया गया। इससे उम्मीद है कि यह टीम जल्द ही अपनी ओके रिपोर्ट दे देगी। यानी, शहर की बहुप्रतीक्षित मेट्रो रेल सेवा अब अपने कॉमर्शियल रन के बेहद करीब पहुंच गई है।

**पहली बार भोपाल आए हैं कमिश्नर**

मेट्रो कमिश्नर नीलाभ्र सेनगुप्ता भी टीम के साथ मौजूद हैं। वे पहली बार बतौर मेट्रो कमिश्नर भोपाल पहुंचे हैं। उनसे पहले जनक कुमार गर्ग कमिश्नर थे, जो रिटायर्ड हो गए। हालांकि, टीम पुरानी ही है। ऐसे में मेट्रो के कॉमर्शियल रन को लेकर ज्यादा अड़चनें नहीं है।

**अक्टूबर में था टारगेट, अब नवंबर में दौड़ेंगी**

बता दें कि इससे पहले सरकार ने अक्टूबर में भोपाल में मेट्रो दौड़ने का टारगेट रखा था। इसलिए सितंबर और अक्टूबर में सीएमआरएस के दो अहम दौरे भी हो चुके हैं। पूर्व मेट्रो कमिश्नर गर्ग ने टीम के साथ सुभाष नगर स्थित मेट्रो डिपो और प्रायोरिटी कॉरिडोर के 6.22 किलोमीटर रूट को देखा था। वे ट्रेन में सवार हुए। सुभाषनगर और एम्स स्टेशन पर करीब दो घंटे तक निरीक्षण किया था। अब तीसरा और सबसे अहम दौरा है, जो बुधवार से ही शुरू हो गया है। गुरुवार-शुक्रवार को कमिश्नर टीम के साथ मैदान में उतरे।



भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने दूरदर्शी और निडर नेतृत्व से स्वतंत्र भारत में संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों की नींव रखी और देश को एक नई दिशा प्रदान की।

नेता प्रतिपक्ष-राहुल गांधी

## परिवार ने खुद पर केरोसिन डाला, युवक बिजली के तार पकड़ने पोल पर चढ़ा...

# घर टूटता देख इंदौर में सामूहिक आत्महत्या की कोशिश

न्यूज क्राइम फाइल

इंदौर में अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम को देखकर परिवार के कुछ लोगों ने खुद पर केरोसिन डाल लिया। एक शख्स पोल पर चढ़ गया, वहीं एक युवती घर की चद्दर पर चढ़ गई। सभी आत्मदाह और सुसाइड करने की धमकी देने लगे। अफसर और पुलिसकर्मियों ने तुरंत केरोसिन छुड़ाकर परिवार के लोगों पर पानी डाला और उन्हें उठाकर ले गए। इसके बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हुई। अन्नपूर्णा मंदिर ट्रस्ट की भूमि पर कब्जे को लेकर लंबे समय से विवाद जारी है। कलेक्टर के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिस, नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम मौके पर अतिक्रमण हटाने पहुंची। तनावपूर्ण माहौल के बीच पुलिस ने वहां मौजूद परिवार को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक 4 परिवारों ने यहां कब्जा किया था।

**ट्रस्ट की जमीन पर किया था कब्जा**

अन्नपूर्णा मंदिर ट्रस्ट की जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद लंबे समय से चल रहा था। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने इस संबंध में कलेक्टर को शिकायत की थी। अतिक्रमणकारियों ने पहले भी विवाद किया था, ये मामला पुलिस थाने में लंबित था। कलेक्टर शिवम वर्मा ने एसडीएम और तहसीलदार को भूमि की जांच के निर्देश दिए थे। जांच में जमीन मंदिर प्रशासन की ही पाई गई। इसके आधार पर गुरुवार को कब्जा हटाने के आदेश जारी किए गए। शुक्रवार सुबह टीम कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंची। रहवासियों ने कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया। एक महिला और दो युवकों ने खुद पर केरोसिन उड़ेलकर आत्मदाह की धमकी दी। पुलिसकर्मियों ने तुरंत उन पर पानी डालकर उन्हें काबू में किया और थाने ले गए। इसी दौरान एक युवती छत पर चढ़ गई और आत्महत्या की धमकी देने लगी। महिला पुलिसकर्मी ने जोखिम उठाकर उसे नीचे उतारा, इस दौरान युवती घायल भी हो गई।

**पोल पर चढ़कर बिजली लाइन पकड़ने की धमकी**

कार्रवाई के दौरान एक युवक मंदिर परिसर की दीवार पर चढ़ गया और उसके पास लगे बिजली के पोल पर चढ़कर आत्महत्या की धमकी देने लगा। वह बार-बार पुलिस और प्रशासन को बिजली का तार पकड़ लेने की चेतावनी देकर कार्रवाई रोकने का दबाव बनाता रहा। हालांकि, एहतियात के तौर पर प्रशासन पहले ही इलाके की बिजली सप्लाई बंद करवा चुका था। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद युवक को नीचे उतारा। इस दौरान नगर निगम की टीम कब्जा हटाने की कार्रवाई में जुटी रही।





# बाल दिवस पर स्कूल में झाड़ू लगाते दिखे बच्चे

## लोग बोले- यह सरकारी सिस्टम की नाकामी; बीआरसी ने कही जांच की बात

न्यूज क्राइम फाइल

शाजापुर जिले के शासकीय प्राथमिक स्कूल आरोलिया का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें छोटे बच्चे स्कूल परिसर के बाहर झाड़ू लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे वीडियो सामने आते ही यह पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गया है। मामले में अधिकारियों ने जांच की बात कही है।

**बाल दिवस पर झाड़ू लगाते दिखे बच्चे**

स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना बाल दिवस के दिन हुई, जब बच्चों को पढ़ाई, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में



शामिल होना चाहिए था। ऐसे मौके पर बच्चों के हाथ में झाड़ू देखना शिक्षा व्यवस्था और स्कूल प्रबंधन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

**लोग बोले- यह सरकारी सिस्टम की नाकामी**

स्थानीय निवासी सुमित ने बताया कि बच्चों से इस तरह सफाई करवाना स्कूल की लापरवाही और सरकारी सिस्टम की नाकामी को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि यह घटना बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन है। वहीं वीडियो वायरल होने के बाद जब स्कूल के प्रधानाध्यापक से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

**बीआरसी ने कहा- जांच के बाद ही साफ होगी स्थिति**

वहीं मामले पर बीआरसी योगेश भावसार ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि बच्चों ने अपनी इच्छा से झाड़ू लगाया या उन्हें शिक्षक ने ऐसा करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि संबंधित शिक्षक से बातचीत के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

अपार उत्साह है। बिहार की जनता ने विकास, उन्नति और प्रगति को अपना आशीर्वाद दिया है। एनडीए की यह जीत माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और माननीय नीतीश कुमार जी के सुशासन की जीत है, बिहार की देवतुल्य जनता की जीत है।
डिप्टी सीएम मप्र- जगदीश देवड़ा



## उज्जैन में 5 दिन तक चलेंगी शादी की रस्में

# सीएम के बेटे-बहू सामूहिक विवाह सम्मेलन में लेंगे 7 फेरे

न्यूज क्राइम फाइल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के छोटे बेटे डॉ. अभिमन्यु यादव की शादी खरगोन की डॉ. इशिता से सामूहिक विवाह समारोह में होगी। करीब 5 दिन तक चलने वाले कार्यक्रम के लिए उज्जैन में दो होटल बुक किए गए हैं। कुछ रस्में उज्जैन स्थित सीएम हाउस यानी वीआईपी आवास जबकि कुछ अथर्व होटल में होंगी। अभिमन्यु-इशिता के फेरे 30 नवंबर को अथर्व होटल के पास मैदान में हो रहे सामूहिक सम्मेलन में होंगे। रिसेप्शन अथर्व होटल में होगा। शादी समारोह में प्रदेश के कुछ खास लोगों को ही आमंत्रित किया गया है। इसमें दोनों परिवारों के करीबी रिश्तेदार, राज्य के मंत्री, वरिष्ठ अफसर और भाजपा के प्रमुख पदाधिकारी शामिल हो सकते हैं। सीएम डॉ. मोहन यादव के 26 नवंबर को ही उज्जैन पहुंचने की संभावना है। यह पहला मौका होगा, जब किसी मुख्यमंत्री के बेटे के फेरे की रस्में सामूहिक विवाह समारोह में पूरी होंगी। इसमें डॉ. अभिमन्यु और डॉ. इशिता के अलावा 20 अन्य जोड़ों की शादी होगी।



**दोनों परिवारों की बेटियां एक-दूसरे के घर की बहू**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के छोटे बेटे डॉ. अभिमन्यु यादव की सगाई करीब 5 महीने पहले खरगोन के किसान दिनेश पटेल की बेटी डॉ. इशिता से हुई है। अभिमन्यु भोपाल के एलएनसीटी मेडिकल कॉलेज से मास्टर्स इन सर्जरी कर रहे हैं। वे सेकेंड ईयर में हैं। डॉ. इशिता भी एमबीबीएस के बाद पोस्ट ग्रेजुएशन कर रही हैं। सीएम की बेटी डॉ. आकांक्षा यादव, दिनेश यादव की बहू हैं। अब दिनेश यादव की बेटी इशिता डॉ. मोहन यादव के परिवार की बहू बनने जा रही हैं। एक और खास बात ये है कि कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव, दिनेश यादव के मामा के बेटे हैं। यानी एमपी के पूर्व डिप्टी सीएम स्वर्गीय सुभाष यादव दिनेश यादव के मामा थे।

**सीएम ने शेयर की थी सगाई की फोटो**

सीएम डॉ. मोहन यादव और सीमा यादव के दो बेटे और एक बेटी हैं। बड़े बेटे और बेटी की शादी पहले ही हो चुकी है। सीएम ने बेटे की सगाई की फोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर शेयर करते हुए लिखा था- बाबा श्री महाकाल और श्री गोपाल कृष्ण की परम कृपा, पूज्य पिता और माताश्री के आशीर्वाद से पुत्र चिरंजीवी डॉ. अभिमन्यु यादव की सगाई, खरगोन के दिनेश यादव जी की सुपुत्री डॉ. इशिता यादव के साथ संपन्न हुई।

# पीडब्ल्यूडी इंजीनियर के बेटे का अपहरण, 50 लाख फिरौती मांगी



न्यूज क्राइम फाइल

मंदसौर में पीडब्ल्यूडी इंजीनियर के 22 वर्षीय बेटे हर्षल जैन उर्फ हनी के अपहरण का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि अपहरण कर्ताओं ने पिता से 50 लाख रुपए की फिरौती मांगी है। शामगढ़ पुलिस के मुताबिक, पीडब्ल्यूडी इंजीनियर कमल जैन परिवार के साथ शामगढ़ के सर्किट हाउस के पीछे स्थित बंगले में रहते हैं। उनका बेटा हर्षल गुरुवार सुबह करीब 8 बजे अपनी कार से कोटा के लिए निकला था। रास्ते में उसका अपहरण कर लिया गया। अपहरण कर्ताओं ने शाम 4 बजे हर्षल के मोबाइल फोन से उसके पिता कमल जैन को कॉल कर 50 लाख रुपए की फिरौती मांगी है। द्वपुलिस के मुताबिक, हर्षल की कोटा में इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान है, वहीं रहकर वह कारोबार करता है। वह पिछले दिनों घर आया था, जिसके बाद वह एक दिन पहले ही कोटा के लिए निकला था।

**अपहरणकर्ताओं और हर्षल की तलाश**

घटना की सूचना मिलते ही मंदसौर एसपी विनोद कुमार मीणा के निर्देश पर शामगढ़ पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस टीम अपहरणकर्ताओं और हर्षल की तलाश में जुट गई है। तलाशी अभियान कोटा समेत राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जा रहा है।

**अधिकारी बोले- हर एंगल से जांच कर रहे**

अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस मामले में हर एंगल से जांच कर रही है। अपहरण की वजह, फिरौती की मांग और संदिग्धों की पहचान के लिए तकनीकी जांच शुरू कर दी गई है। इसमें मोबाइल लोकेशन, सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के बयान जुटाए जा रहे हैं। एसपी ने जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। चर्चा यह भी चल रही है कि युवक ने ही अपने अपहरण की साजिश रची है।

# इंदौर के कैंसर हीलर सेंटर में बिना लाइसेंस इलाज




न्यूज क्राइम फाइल

जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार को न्यू पलासिया स्थित कैंसर हीलर सेंटर को सील किए जाने के बाद कई गंभीर गड़बड़ियों का खुलासा हुआ है। जांच में पता चला कि ग्वालियर के एक मरीज से उपचार के नाम पर 21 लाख रुपए से ज्यादा वसूले गए, लेकिन उपचार का कोई फायदा नहीं हुआ और मरीज की मौत हो गई। जांच दल को ऐसे दो और मामले भी मिले हैं, जिनमें मरीजों के परिजनों से भारी रकम लेकर इलाज का भरोसा दिया गया था। दोनों मरीजों की मौत के बाद न महंगी दवाइयां वापस ली गईं और न ही राशि लौटाई गई। सेंटर की दीवारों पर अमिताभ बच्चन जैसे बड़े सेलिब्रिटीज के साथ संचालक की बड़ी-बड़ी तस्वीरें लगी थीं, जिनसे मरीज और परिजन प्रभावित होकर इलाज करवाने के लिए तैयार हो जाते थे। छापे के दौरान टीम को सेंटर में केवल चार-पांच कर्मचारी मिले। उनके पास न तो किसी तरह का मेडिकल लाइसेंस था और न रजिस्ट्रेशन से जुड़े जरूरी दस्तावेज।

प्रतिदिन पौधरोपण के संकल्प के क्रम में आज नई दिल्ली में पौधा रोपा। आइए, जीवनदायी पौधे लगाएं, इससे धरती पर हरियाली बढ़ेगी, पर्यावरण सुधरेगा और हमारा जीवन अधिक स्वस्थ व समृद्ध होगा।
शिवराज सिंह चौहान-केंद्रीय कृषि मंत्री



### जिन लोगों को हार मिली है, उन्हें इस सदमे से बाहर निकलने में महीनों लगेंगे

# मोदी बोले- बिहार ने जाति की राजनीति को ठुकराया

**संदीप कुमार सिंह**

पीएम मोदी ने सूरत एयरपोर्ट पर शनिवार को बिहार के लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार ने हाल के विधानसभा चुनाव में जाति की राजनीति को ठुकरा दिया। उन्होंने कहा, जिन लोगों को हार मिली है, उन्हें इस सदमे से बाहर निकलने में महीनों लगेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार का टैलेंट दुनिया में हर जगह है। यहां के लोग दुनिया की राजनीति को समझते हैं। बिहार ने सांप्रदायिकता के जहर को ठुकरा दिया। एनडीए ने बिहार में 243 सीटों में से 202 जीती हैं। इससे पहले वे पंडोरी माता के मंदिर गए। पंडोरी माता को गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान के आदिवासी समुदाय अपनी कुलदेवी मानते हैं। पीएम ने डेडियापाडा में 4 किमी लंबा रोड शो भी किया। इस दौरान आदिवासी समुदाय के हजारों लोग सड़क किनारे नजर आए। इसके बाद उन्होंने 9700 करोड़ के कई प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

**बिहार ने बंगाल में भाजपा की विजय का रास्ता बनाया:** मैं कहता हूं कि आपकी आशा मेरा संकल्प है। आपकी आकांक्षा मेरी प्रेरणा है। अब का बिहार विकसित होगा।



भाजपा की ताकत उसका कार्यकर्ता है। भाजपा का कार्यकर्ता कुछ ठान लेता है तो कुछ भी असंभव नहीं रह जाता है। आज की विजय ने भाजपा के कार्यकर्ताओं को केरल, तमिलनाडु, असम, पुडुचेरी, पश्चिम बंगाल में भी नई ऊर्जा से भर दिया है। यहां गंगा जी, बिहार से बहते हुए ही बंगाल तक पहुंचती है। बिहार ने बंगाल में भाजपा की विजय का रास्ता बना दिया है। मैं बंगाल के भाई-बहनों से कहता हूं कि भाजपा आपके साथ मिलकर बंगाल से जंगलराज को उखाड़ फेंकेगी।

**कांग्रेस का एक और विभाजन हो सकता है:** कांग्रेस अब मुस्लिम लीगी माओवादी कांग्रेस, यानी MMC बन गई है। यही स्पष्ट है और इसका पूरा एजेंडा इसी पर चलता है। इसके भीतर एक अलग धड़ा पैदा हो रहा है, जो नेगेटिव पॉलिटिक्स से अलग हो रहा है। यह धड़ा नामदारों के खिलाफ है, और उनके प्रति घोर निराशा पनप रही है। आगे चलकर कांग्रेस का एक और बड़ा विभाजन हो सकता है। इसके सहयोगी दल भी अब समझने लगे हैं कि कांग्रेस अपनी निगेटिव राजनीति में सबको एक साथ डुबो रही है।

**बिहार में निवेश और रोजगार की तेजी होगी:** आने वाले 5 साल बिहार तेज गति से आगे बढ़ेगा। यहां नए उद्योग लगेंगे। यहां के नौजवानों को यहीं रोजगार मिले, इसके लिए काम होगा। निवेश ज्यादा नौकरियां लाएगा। यहां पर्यटन का विकास होगा। यहां का सामर्थ्य दुनिया को दिखेगा। आस्था के स्थानों, तीर्थस्थानों का कायाकल्प होगा। मैं आज देश-दुनिया के निवेशकों से कहूंगा कि बिहार आपके स्वागत के लिए तैयार है। बिहार की संतान जो देश-दुनिया में हैं, वे यहां निवेश करें। मैं बिहार की एक-एक मां, युवा, किसान, गरीब परिवार से कहना चाहता हूं कि आपका भरोसा-मेरा प्रण है।

**कांग्रेसी सहयोगियों के वोट बैंक को निगल रही:** बिहार चुनाव के दौरान मैंने कहा था कि कांग्रेस के नामदार तालाब में डुबकी लगाकर लगातार खुद डूबने और साथियों को डुबाने की कोशिश कर रहे हैं। बिहार में ऋष्ठष्ठ को सांप सूंघा हुआ है। कांग्रेस-आरजेडी का झगड़ा बहुत जल्द खुलकर सामने आने वाला है। आज की यह विजय एक नई यात्रा की शुरुआत है। बिहार का भरोसा हमारे कंधों पर जिम्मेदारी बढ़ाने वाला है।

# मुख्यमंत्री ने एमजी रोड़ थाने का किया औचक निरीक्षण

**न्यूज क्राइम फाइल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को इंदौर भ्रमण के दौरान थाना एमजी रोड़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने थाने की विभिन्न व्यवस्थाओं को देखा तथा थाने के रजिस्टरों को चैक किया। उन्होंने थाने द्वारा की जा रही कार्रवाईयों की जानकारी भी ली। इंदौर पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह ने पुलिस द्वारा आमजन की सुविधाओं के लिए किए जा रहे नवाचारों की जानकारी भी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने थाना में हेड मोहर्रिर कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने एफआईआर दर्ज करने की कम्प्युटराईज्ड व्यवस्था को देखा। मौजूद स्टाफ से एफआईआर लिखने की प्रक्रिया की जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रोजनामचे का भी निरीक्षण किया। दोपहर 12 बजे किये गये निरीक्षण में पाया गया कि अंतिम एंट्री सुबह 11.38 बजे की थी। इस दौरान पाया गया कि एक आरक्षक रिंकू सिंह 8 नवम्बर से बगैर सूचना के अनुपस्थित है। मुख्यमंत्री डॉ.



यादव ने पुलिस कमिश्नर को निर्देश दिए कि वे अनुपस्थिति का परीक्षण करें और नियमानुसार कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगन्तुक रजिस्टर का अवलोकन भी किया। पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आमजन की सुविधा और उनके फीडबैक लेने के लिए हर थाने में आगन्तुक रजिस्टर रखा गया है। रजिस्टर में थाने में आने वाले आगन्तुक अपने फीडबैक दर्ज कर सकते है। उन्होंने बताया कि आगन्तुक रजिस्टर के आधार पर फीडबैक देने वाले नागरिकों से पुनः फीडबैक लेने के लिए भी विशेष व्यवस्था है। पुलिस कमिश्नर कार्यालय में इसके लिए एक अलग से फीडबैक सेक्शन बनाया गया है। इस सेक्शन द्वारा हर माह लगभग 5 हजार आगन्तुकों से फीडबैक फोन के माध्यम से लिया जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुलिस कमिश्नर कार्यालय द्वारा फीडबैक लेने के लिए क्यूआर कोड के संबंध में भी जानकारी दी गई। बताया गया कि कोई भी नागरिक क्यूआर कोड स्कैन कर अपना फीडबैक दे सकते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि थानों में अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों का निष्पादन किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिये कि थानों में आने वाले प्रत्येक नागरिक की संवेदनशीलता के साथ सुनवाई हो। नागरिकों की सुविधाएं एवं हितों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस पूर्ण दक्षता के साथ कार्य करें। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, विधायक श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री दिलीप कुमार यादव, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर श्री अमित सिंह तथा श्री राजेश कुमार सिंह, श्री सुमित मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल थे।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक उदय प्रताप सिंह चौहान द्वारा कविता ऑफसेट प्रिंटर्स, एमपी नगर जोन -1 भोपाल ( म. प्र. ) से मुद्रित एवं 1209 पुष्पा नगर चांदबड़, भोपाल ( म.प्र. ) से प्रकाशित। संपादक- उदय प्रताप सिंह चौहान, मो.7223003441 ( प्रति सोमवार को प्रकाशित ) समाचारों से संपादक का सहमत होना जरूरी नहीं। ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। ) RNI.NO MPHIN/2015/63623